# वो मेरा सावरा सलोना है | By Dolly Brothers

रातें ढलती नहीं दिन भी निकलता नहीं
बिन तेरे मोहन पत्ता भी हिलता नहीं
जिसने माटी बनाई सोना है
वो मेरा सांवरा सलोना है

भक्तों की खातिर लिया कलयुग में अवतार
सबको देता सांवरा तू है लखदातार
इनके चरणों में मेरा बिछोना है
वो मेरा सांवरा सलोना है

तोड़ नहीं इसका कोई श्याम मेरा बेजोड़
सबको देता सांवरा मांगे लाख करोड़
उसको भी खुश किया जिसको रोना है
वो मेरा सांवरा सलोना है

मेरा क्या सम्मान था मेरी क्या पहचान
जबसे मिला है सांवरा तबसे मिली पहचान
डॉली पहचान अपनी ना खोना है
लल्ला पहचान अपनी ना खोना है
वो मेरा सांवरा सलोना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b2%e0%a5%8b%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-dolly-brothers/